गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976 के तहत, एक निश्चित सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षणिक, धार्मिक अथवा सामाजिक कार्यक्रम रखने वाली संस्थाएं केन्द्र सरकार द्वारा पंजीकरण/पुर्वानुमति प्रदान किए जाने के उपरान्त, विदेशी अभिदाय प्राप्त कर सकती हैं।

(ख) और (ग) ऐसी एसोसियेशनों द्वारा प्राप्त किए गए और उसका उपयोग किए गए विदेशी अभिदाय के ब्यौरे, गृह मंत्रालय (विदेश प्रभाग) द्वारा निकाली गई वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए हैं। वार्षिक रिपोर्ट (1996-97 तक) की प्रतियां संसद पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। 1997-98 की वार्षिक रिपोर्ट संकलित की जा रही है। ऐसी एसोसियेशनों की चालू वित्तीय वर्ष (1998-99) की विवरणियां, जुलाई 1999 तक उपलब्ध होंगी।

ये एसोसिशन समस्त देश में कार्यरत है।

बंगाल की खाड़ी के द्वीप में बंग्लादेशी घुसपैठिये

837. श्री राज मोहिन्दर सिंह: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 23 जनवरी 1999 के "दैनिक ऑब्जरवर" में "बंग्लादेशी टेक ओवर बे ऑफ बंगाल आइलैंड" के शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर आकर्षित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि बंग्लादेश से अवैध रूप से आ रहे घुसपैठिये उस द्वीप में रह रहे हैं जो दक्षिणी 24-परगना में सुंदरवन का एक हिस्सा है;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने कोई दल भेजकर इस संबंध में कोई जानकारी प्राप्त की है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

White paper on ISI activities

838. SHRI SANJAY NIRUPAM: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether in view of the increasing anti-India activities of Pakistan's I.S.I., Government are going to bring out a 'White Paper' on the nefarious activities of that agency; and

(b) if so, when this 'White Paper' exposing the I.S.I. is likely to be brought out?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) and (b) A 'White Paper' is being prepared on the terrorist activities of Pak ISI in the country.

Out-of-turn allotment of NDMC flats

839. CHAUDHARY CHUNNI LAL: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of flats in NDMC are allotted on out-of-turn basis; if so, the details thereof during the last two years;

(b) whether it is also a fact that some flats are allotted to officers for which they are not entitled; if so, the reasons therefor; and

(c) whether it is also a fact that doctors having more than twenty years of service are residing in the Type-II flats, while some others with merely two years of service are enjoying Type-IV or V flats facilities; if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) The number of flats allotted by NDMC including those made on out-of-turn basis during the last two years is indicated as follows:

		1997	1998
(i)	Total number of allotments made	298	337
(ii)	Out-of-turn allotments	8	28